कामला,
24.3.86.

प्रिय भाई पांडुरंग जी,

जय हरि,

काफी समय से आपको पत्र नहीं लिख सका, आपके भेजे हुए Booklets मिल गए थे, मैं पिछले एक महीने से यहां चल रही आन्दोलन की सीधी कार्यवाही में व्यस्त रहा हूं। यहां जंगलों से सूखी लकड़ी से कोयला जला कर वन निगम लोगों को ईंधन के अधिकारों से वंचित किया जा रहा है, इससे जनता ने वन निगम को नोटिस दे कर 7-8 जंगलों से ईंधन पर अपना अधिकार कर लिया है,

तत् पश्चात बहुगुणा जी के साथ पूरे हिमाचल की बस यात्रा का आयोजन किया था, यात्रा के दौरान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं एवं जन साधारण से सम्पर्क किया गया, धीरे-2 आन्दोलन जन मानस में स्थान बनाता जा रहा है,

पिछले दिनों एक और समस्या से दो चार होना पड़ा, waste land development व Deptt. of Environment कुछ Plantation Projects चालू करने की सोच रहे हैं। जिस विषय में उन्होंने हमसे भी सम्पर्क किया था, कुछ कार्यकर्त्ताओं का विचार रहा कि हमें इस कार्यक्रम को अपने हाथ में ले लेना चाहिए, किन्तु अधिकांश इस मत के थे कि हमारी शक्ति जनमत है, पैसा नहीं; पैसे में involvement से कार्यकर्ता की छवि धूमिल करने के प्रयास भी होंगे और Projects को finance करने वालों का चिन्तन हावी (dominant) होगा, जिससे वर्तमान व्यवस्था के विरुद्ध सशक्त आवाज़ उठाने की क्षमता घटती जाएगी, यह आन्दोलन और कार्यकर्ता की वैचारिक मृत्यु के समान होगा, अतः स्वतन्त्र रह कर विचार की ज्योति को जगाते रहने का ही निर्णय हुआ।

आशा है आप सब ठीक ठाक होंगे अपने यहां के समाचारों से अवगत रखें।

आपका

कुलभूषण उपमन्यु

अप्रैल के अन्त में सिल्धारा में कार्यकर्ता गोष्ठी में यदि आप आ सके तो भेंट हो सकेगी।

अन्तर्देशीय पत्र कार्ड
INLAND LETTER CARD

भारत
35 INDIA 35

To
Sh. Pandurang Hegde
Parisara - Sanrakshan kendra
Hulemalgi Building
SIRSI (uttar kannada)
Karnatka

पिन PIN 581401

तीसरा मोड़ THIRD FOLD

इस पत्र के भीतर कुछ न रखिए NO ENCLOSURES ALLOWED
पते में पिन कोड लिखें WRITE PIN CODE IN ADDRESS
प्रेषक का नाम और पता :— SENDER'S NAME AND ADDRESS :—

Kul Bhushan upmanyu

पिन PIN 176207

31-3-8

पहला मोड़ FIRST FOLD

दूसरा मोड़ SECOND FOLD

TO OPEN CUT HERE